भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 263
गुरुवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

चंडीगढ़ विमानपत्तन से विमान सेवा

***263. श्री मलविंदर सिंह कंग:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार तख्त श्री हजूर साहिब के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के जाने के दृष्टिगत चंडीगढ़ विमानपत्तन से महाराष्ट्र के नांदेड़ के लिए सीधी या सुविधाजनक विमान सेवा शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई प्रस्ताव या अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और जन सुविधा बढ़ाने के लिए इस प्रकार की विमान सेवा प्रदान करने की व्यवहार्यता की जांच करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"चंडीगढ़ विमानपत्तन से विमान सेवा" के संबंध में श्री मलविंदर सिंह कंग द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2026 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 263 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग): यात्री दो गंतव्यों के मध्य सीधी उड़ानों के माध्यम से अथवा एक मध्यवर्ती पारगमन बिंदु (Transit Point) के माध्यम से कनेक्टिंग फ्लाइटें लेकर यात्रा करते हैं। चंड़ीगढ वर्तमान में 21 गंतव्यों से जुड़ा हुआ है। नांदेड़ आठ गंतव्यों नामत: अहमदाबाद, बैंगलुरू, हैदराबाद, हिंडन, पुणे, नागपुर, गोवा (मोपा) और मुंबई से जुड़ा हुआ है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें किसी भी विमान टाइप के साथ क्षमता बढ़ाने, अपनी परिचालन एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर सेवा प्रदान करने के लिए अपनी इच्छानुसार बाजार एवं नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

******